महाराणा प्रताप महाविद्यालय जंगल धूसड़, गोरखपुर 29-4-24

# HND 305

## B.A. VI$^{th}$ SEMESTER EXAMINATION, 2023-24

## HINDI

## Bhasha Vigyan, Hindi Tatha Devnagari Lipi (Pratham)

## (CBCS Mode)

AFFIX PRESCRIBED RUBBER STAMP

Date (तिथि) : ____________________

**Paper ID**
(To be filled in the OMR Sheet)

**5409**

अनुक्रमांक (अंको में) :
Roll No. (In Figures) : | | | | | | | | | | | | | | | |

अनुक्रमांक (शब्दों में) : ______________________________

Roll No. (In Words) : ______________________________

**Time : 1:30 Hrs.**
**समय : 1:30 घण्टे**

**Max. Marks : 75**
**अधिकतम अंक : 75**

**नोट : पुस्तिका में 50 प्रश्न दिये गये हैं, सभी प्रश्न करने होंगे। प्रत्येक प्रश्न 1.5 अंक का होगा।**

**Important Instructions :**

1. The candidate will write his/her Roll Number only at the places provided for, i.e. on the cover page and on the OMR answer sheet at the end and nowhere else.

2. Immediately on receipt of the question booklet, the candidate should check up the booklet and ensure that it contains all the pages and that no question is missing. If the candidate finds any discrepancy in the question booklet, he/she should report the invigilator within 10 minutes of the issue of this booklet and a fresh question booklet without any discrepancy be obtained.

**महत्वपूर्ण निर्देश :**

1. अभ्यर्थी अपने अनुक्रमांक केवल उन्हीं स्थानों पर लिखेंगे जो इसके लिए दिये गये हैं, अर्थात् प्रश्न पुस्तिका के मुख्य पृष्ठ तथा साथ दिये गये ओ०एम०आर० उत्तर पत्र पर, तथा अन्यत्र कहीं नहीं लिखेंगे।

2. प्रश्न पुस्तिका मिलते ही अभ्यर्थी को जाँच करके सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि इस पुस्तिका में पूरे पृष्ठ हैं और कोई प्रश्न छूटा तो नहीं है। यदि कोई विसंगति है तो प्रश्न पुस्तिका मिलने के 10 मिनट के भीतर ही कक्ष परिप्रेक्षक को सूचित करना चाहिए और बिना त्रुटि की दूसरी प्रश्न पुस्तिका प्राप्त कर लेना चाहिए।

1. भाषा शब्द की निष्पत्ति संस्कृत के किस धातु से मानी जाती है –

(A) 'वद'

(B) चल से

(C) भाष् से

(D) वच से

2. "भाषा उच्चारण अवयवों से उच्चरित मूलतः प्रायः यादृच्छिक ध्वनि चिन्हों की व्यवस्था है" – परिभाषा किस भाषा वैज्ञानिक द्वारा दी गयी–

(A) डॉ० श्याम सुंदर दास द्वारा

(B) डॉ० बाबू राम सक्सेना द्वारा

(C) आचार्य देवेन्द्र नाथ शर्मा द्वारा

(D) डॉ० भोलानाथ तिवारी द्वारा

3. अधोलिखित में से कौन–सी विशेषता भाषा की नहीं है–

(A) भाषा कठिनता से सरलता की ओर जाती है

(B) भाषा अपरिवर्तनशील है

(C) भाषा संयोगावस्था से वियोगावस्था की ओर जाती है

(D) प्रत्येक भाषा की पृथक संरचना होती है

4. भाषा की सबसे छोटी इकाई है–

(A) वर्ण (ध्वनि)

(B) वाक्य

(C) अर्थ

(D) शब्द

5. चौराहे पर खड़ा यातायात नियंत्रित करता सिपाही भाषा के किस रूप का सहारा लेता है?

(A) लिखित रूप का

(B) मौखिक रूप का

(C) सांकेतिक रूप का

(D) यांत्रिक रूप का

6. किस विद्वान ने अवहट्ठ को पुरानी हिन्दी कहा–

(A) हजारी प्रसाद द्विवेदी ने

(B) चन्द्रधर शर्मा गुलेरी ने

(C) जयशंकर प्रसाद ने

(D) महावीर प्रसाद द्विवेदी ने

7. डिंगल–पिंगल का संबंध है–

(A) राजस्थानी हिन्दी

(B) पहाड़ी हिन्दी

(C) पूर्वी हिन्दी

(D) पश्चिमी हिन्दी

8. प्राचीन राजस्थानी के नाम से जाना जाता है–

(A) ब्रज भाषा को

(B) डिंगल को

(C) अवहट्ठ को

(D) अपभ्रंश को

9. ब्रजभाषा की एक शैली के रूप में प्रचलित है–

(A) डिंगल

(B) पुरानी हिन्दी

(C) पिंगल

(D) अवहट्ठ

10. किस ध्वनि के उच्चारण में दोनों ओष्ठ् पूर्णतया पृथक और खुले रहते हैं–

(A) प

(B) उ

(C) व

(D) आ

11. 'हस्त'शब्द उदाहरण है–

(A) तद्भव

(B) देशज

(C) विदेशज

(D) तत्सम

12. 'खड़ी बोली' का संबंध है–

(A) पूर्वी हिन्दी

(B) बिहारी हिन्दी

(C) राजस्थानी हिन्दी

(D) पश्चिमी हिन्दी

13. 'अवधी', हिन्दी की किस उपभाषा से संबंधित है–

(A) पहाड़ी हिन्दी

(B) पूर्वी हिन्दी

(C) राजस्थानी हिन्दी

(D) बिहारी हिन्दी

14. 'भोजपुरी' वर्ग की बोली है–

(A) पश्चिमी हिन्दी

(B) पूर्वी हिन्दी

(C) बिहारी हिन्दी

(D) पहाड़ी हिन्दी

15. मध्यकाल की कवयित्री मीराबाई का संबंध है –

(A) राजस्थानी हिन्दी

(B) बिहारी हिन्दी

(C) पहाड़ी हिन्दी

(D) पूर्वी हिन्दी

16. कृष्ण भक्ति–साहित्य के प्रधान कवि सूरदास प्रसिद्ध कवि हैं–

(A) भोजपुरी के

(B) अवधी के

(C) मैथिली के

(D) ब्रजभाषा के

17. संविधान के किस अनुच्छेद में हिन्दी को राजभाषा का दर्जा दिया गया है?

(A) अनुच्छेद 343

(B) अनुच्छेद 345

(C) अनुच्छेद 351

(D) अनुच्छेद 352

18. हिन्दी दिवस मनाया जाता है–

(A) 2 अक्टूबर को

(B) 12 जनवरी को

(C) 10 फरवरी को

(D) 14 सितंबर को

19. हिन्दी की उपभाषाएँ हैं–

(A) तीन

(B) दो

(C) चार

(D) पाँच

20. विद्यापति का संबंध है–

(A) ब्रजभाषा से

(B) मगही से

(C) खड़ी बोली से

(D) मैथिली से

21. भाषा विज्ञान के किस अंग के अंतर्गत ध्वनियों का अध्ययन किया जाता है–

(A) अर्थ विज्ञान

(B) शब्द विज्ञान

(C) वाक्य विज्ञान

(D) स्वनिम विज्ञान

22. ध्वनि–विज्ञान का दूसरा नाम है–

(A) मानव विज्ञान

(B) अर्थ विज्ञान

(C) स्वन विज्ञान

(D) पदविज्ञान

23. ध्वनि चिन्हों को कहते हैं–

(A) शब्द

(B) अर्थ

(C) वाक्य

(D) वर्ण

24. 'च' ध्वनि का उच्चारण स्थान है–

(A) कंठ्य

(B) तालव्य

(C) मूर्धन्य

(D) दंत्य

25. 'ट' वर्ग ध्वनियों का उच्चारण स्थान है–

(A) कंठ

(B) तालु

(C) मूर्द्धा

(D) दाँत

26. सार्थकता की दृष्टि से भाषा की लघुत्तम इकाई है–

(A) ध्वनि

(B) वाक्य

(C) शब्द

(D) वर्ण

27. खड़ी बोली भारत के किस क्षेत्र की स्थानीय बोली है–

(A) दिल्ली और मेरठ

(B) जयपुर एवं उदयपुर

(C) पटना तथा मुजफ्फरपुर

(D) नैनीताल एवं देहरादून

28. देवनागरी लिपि का विकास माना गया है–

(A) खरोष्ठी से

(B) ब्राह्मी से

(C) देववाणी से

(D) इनमें से कोई नहीं

29. व्यापक क्षेत्र में व्यवहार की जाने वाली भाषा को कहा जाता है–

(A) संपर्क भाषा

(B) राजभाषा

(C) राष्ट्रभाषा

(D) मातृभाषा

30. निम्नलिखित में से देवनागरी लिपि की विशेषता नहीं है–

(A) इसमें जैसा उच्चारण होता है, वैसा ही लिखा जाता है

(B) इसमें एक ध्वनि के लिए एक ही प्रतीक है

(C) इसमें शिरोरेखा का प्रयोग महत्वपूर्ण है

(D) विकास की दृष्टि से यह लिपि ब्राह्मी और खरोष्ठी की समकालीन है

31. भारत में सर्वाधिक बोली जाने वाली भाषा है–

(A) अंग्रजी

(B) हिन्दी

(C) संस्कृत

(D) उर्दू

32. हिन्दी किसके अन्तगर्त आती है?

(A) प्राचीन आर्यभाषा के

(B) मध्यकालीन आर्यभाषा के

(C) आधुनिक आर्यभाषा कें

(D) उपर्युक्त कोई नहीं

33. हिन्दी वर्णमाला का संयुक्त अक्षर 'क्ष' किन वर्णों के मेल या योग से बना है?

(A) क् + ष

(B) क् + श

(C) क् + स

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

34. हिन्दुस्तानी भाषा के समर्थक थे?

(A) गार्सा द तासी

(B) महात्मा गाँधी

(C) उपर्युक्त दोंनों

(D) कोई नहीं

35. पूर्वी हिन्दी की कौन बोली नहीं हैं?

(A) अवधी

(B) बघेली

(C) बुन्देली

(D) छत्तीसगढ़ी

36. राजस्थानी के अन्तर्गत बोलियाँ हैं–

(A) 2

(B) 3

(C) 4

(D) 6

37. आदिकाल के अन्तर्गत जैन साहित्य किसमें लिखा गया ?

(A) संस्कृत

(B) पालि

(C) अपभ्रंश

(D) अंग्रेजी

38. अन्तस्थ व्यंजन नहीं है–

(A) य

(B) व

(C) र

(D) ह

39. किस वर्ण को अर्धस्वर कहा जाता है?

(A) ए

(B) व

(C) ब

(D) ह

40. ध्वनि विज्ञान के अन्तर्गत अध्ययन किया जाता है–

(A) उच्चारण या उत्पत्ति

(B) संचरण या गमन

(C) श्रवण

(D) उपर्युक्त सभी

41. वृत्तमुखी स्वर है–

(A) ऊ

(B) उ

(C) ओ

(D) उपर्युक्त सभी

42. अग्रस्वर है–

(A) ई

(B) ऊ

(C) अ

(D) उपर्युक्त सभी

43. अर्धसंवृत ध्वनि है–

(A) ई

(B) ऊ

(C) ए

(D) इनमें से कोई नहीं

44. बीजापुर, गोलकुण्डा और अहमद नगर में बोली जाने वाली बोली है–

(A) मालवी

(B) दक्खिनी हिन्दी

(C) पुरानी हिन्दी

(D) हिन्दुस्तानी

45. निम्नलिखित में से कौन–सी लिपि प्राचीन भारत में दायीं ओर से बायीं ओर लिखी जाती है–

(A) ब्राह्मी

(B) खरोष्ठी

(C) शारदा

(D) नागरी

46. मूर्धन्य ध्वनि है—

(A) ट

(B) ठ

(C) ड

(D) उपर्युक्त सभी

47. देवनागरी लिपि है?

(A) चित्रात्मक

(B) भावात्मक

(C) अक्षरात्मक

(D) वर्णनात्मक

48. ओष्ठय ध्वनि है—

(A) प

(B) फ

(C) ब

(D) उपर्युक्त सभी

49. नागरी लिपि सुधार समिति के संयोजक थे–

(A) आचार्य नरेन्द्रदेव

(B) बाबू श्याम सुन्दर दास

(C) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र

(D) काका कालेलकर

50. आधुनिक भाषा विज्ञान के जनक माने जाते हैं–

(A) विलियम जोंस

(B) जॉन ग्रिलक्राइस्ट

(C) सस्यूर

(D) गार्सा द तासी

*****